# सीएम ने किया एआई इम्पैक्ट समिट का अवलोकन

## नीवक्लाउड के सीईओ से किया संवाद



**भोपाल, 20 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 नई दिल्ली में नीवक्लाउड के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया. साथ ही नीवक्लाउड के फाउंडर एवं सीईओ नरेन्द्र सेन से कंपनी की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी ली.**

डॉ. यादव को श्री सेन ने बताया कि नीवक्लाउड की स्थापना भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है. कंपनी स्वदेशी एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है, जिससे देश का डेटा देश में ही सुरक्षित रह सके. नीवक्लाउड और रैकबैंक के साथ वर्तमान में 150 से अधिक कुशल प्रोफेशनल्स कार्यरत हैं, जो इंजीनियरिंग, एआई, क्लाउड, डेटा सेंटर ऑपरेशंस और रिसर्च के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं.

श्री सेन ने बताया कि कंपनी स्वदेशी एआई चिप के विकास की दिशा में भी कार्य कर रही है. इसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता कम करना, संवेदनशील डेटा को देश में सुरक्षित रखना और रणनीतिक तकनीक पर भारत का नियंत्रण सुनिश्चित करना है. अब तक 700 करोड़ रुपये का निवेश सुरक्षित किया जा चुका है और आगामी पाँच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर्स और सेमीकंडक्टर तकनीक के विकास के लिए प्रस्तावित है. रैकबैंक के माध्यम से ऊर्जा-कुशल और हाई-डेंसिटी एआई डेटा सेंटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे रोजगार सृजन और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिल रहा है.

उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एआई, क्लाउड और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण भूमिका है. इस प्रकार के नवाचार देश को डिजिटल क्षेत्र में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जेनस्पार्क एआई के वैश्विक जीटीएम प्रमुख श्री ब्रेनो मेलो से वन-टू-वन बैठक कर राज्य में समाधान प्रदाता के रूप में उनकी भूमिका, उपलब्ध तकनीकी समाधानों के उपयोग और एमओयू के अनुरूप पायलट प्रोग्राम प्रारंभ करने पर चर्चा की. सर्वम एआई के सह-संस्थापक डॉ. प्रत्युष कुमार से वन-टू-वन बैठक में फुल-स्टैक सॉवरेन एआई मॉडल विकसित करने, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के लिए मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने पर चर्चा की.

इसके साथ ही एआई समिट में डॉ. यादव ने विभिन्न अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के साथ वन-टू-वन संवाद किया. एनवीडिया की उपाध्यक्ष (ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स) सुश्री कैलिस्टा रेडमंड से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की स्थापना, स्टार्टअप्स को सब्सिडी दरों पर जीपीयू उपलब्ध कराने, स्थानीय साझेदारों को सशक्त बनाने के लिए सहयोग तंत्र विकसित करने और तकनीकी टूल्स, संसाधन और लाइब्रेरी उपलब्ध कराने पर चर्चा की. इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे.

## गूगल पवेलियन का किया आवलोकन




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गूगल पेवेलियन का अवलोकन किया. उन्होंने कंट्री डायरेक्टर आशीष वाटल एवं कंपनी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय संवाद किया. एआई, संवर्धित वास्तविकता (एआर) और आभासी वास्तविकता (वीआर) सहित मानचित्र-आधारित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से मध्यप्रदेश में पर्यटन नवाचार को सुदृढ़ करने की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ. चर्चा में पुरातात्विक एवं धरोहर स्थलों के सजीव आभासी भ्रमण, व्यक्तिगत यात्रा अनुभवों का सृजन, वास्तविक समय यात्री सहभागिता, एआई-संचालित गंतव्य विश्लेषण और सतत पर्यटन विकास जैसे विषय प्रमुख रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई-संचालित क्रिकेट इंस्टॉलेशन का भी अनुभव किया, जहाँ वास्तविक समय विश्लेषण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन सुधार में एआई की उपयोगिता का प्रदर्शन किया गया.



# प्रदेश में मौसम में बदलाव किसानों की चिंता बढ़ी

**भोपाल, 20 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट ले चुका है. साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) की संयुक्त सक्रियता के कारण प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई.**

इस मौसम के बदलते रुख ने खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद कर दी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है. प्रशासन ने फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन सक्रिय थी, जिसके कारण पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी देखने को मिला. इसने बादल बनने और बारिश-ओलावृष्टि का कारण बना. इसके अलावा उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं ने दिन के तापमान को गिरा दिया, जिससे हल्की ठंड लौट आई. हालांकि, रात का तापमान बढ़ने की संभावना बनी हुई है. फरवरी के महीने में यह तीसरी बार है जब प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि हो रही है. इससे पहले 18 फरवरी को भी ऐसी ही स्थिति थी, जिसके कारण फसलें प्रभावित हुई. अब मौसम विभाग ने 23-24 फरवरी के बीच फिर से बारिश का पूर्वानुमान जताया है.

### बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का असर

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 25 जिलों के 80 से ज्यादा शहरों और कस्बों में बारिश दर्ज की गई. धार, श्योपुर, शिवपुरी, इंदौर, उज्जैन, मुरैना, ग्वालियर, भोपाल और रतलाम जैसे प्रमुख जिलों में तेज हवाओं और ओलावृष्टि ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया. श्योपुर में आंधी की रफ्तार 63 किमी प्रति घंटा तक रही, जबकि नालछा क्षेत्र में 1 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई. कई जगहों पर ओले भी गिरे, जिससे गेहूं, चना और अन्य रबी फसलों को नुकसान हुआ.

# 6 माह बाद भी दो नाबालिग बच्चियों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 फरवरी. वरिष्ठ सदस्य सोहन लाल बाल्मीक ने शुक्रवार को विधानसभा में छिंदवाड़ा जिले के ग्राम अम्बाड़ा निवासी गुमशुदा नाबालिग बच्चियों का मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया.**

उन्होंने कहा कि पुलिस 6 माह भी बाद नाबालिग बच्चियों का सुराग नहीं लगा पाई है. छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले में बच्चियों के गुम होने की लगातार घटनाएं हो रही है. अकेले छिंदवाड़ा जिले में ही 966 बच्चियां गुम हो गई है, जिसे पुलिस अब तक नहीं खोज सकी है. इस पर मुख्यमंत्री की ओर से जवाब देते हुए राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि इस मामले में जांच के लिए विशेष टॉस्क फोर्स का गठन कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चियों की गुमशुदगी के मामले में तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी जाती है. उन्होंने बताया कि मामले में 14 जुलाई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, उसके बाद मामले की लगातार जांच की जा रही है. 16 जुलाई को ही दो नई विशेष टीमें गठित कर दी गई है और एक टीम को इंदौर और दूसरी टीम को नागपुर रवाना किया गया है और संभावित स्थलों पर तलाश की.

# कांग्रेसियों के अर्धनग्न प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया

## कांग्रेस और राहुल गांधी इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगें : भाजपा

**भोपाल, 20 फरवरी.भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है.**



वहीं कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक किसी न किसी तरीके से देश को अपमानित करने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस के द्वारा दिल्ली में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना, न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे देश के लिए शर्म की बात है. इस प्रकार के प्रदर्शन से पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुका है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को कांग्रेस नहीं पचा पा रही है. यह शर्मनाक प्रदर्शन राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता और नेतृत्व की कमी को दर्शाता है. जिस समय देश सम्मान पा रहा था, तब कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक केवल देश को अपमानित करने में लगे हुए थे. उन्होंने कहा कि इसके लिए कांग्रेस और राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए.

> **दुनिया जब देश का सम्मान करती है तो कांग्रेसी करते हैं अपमान : खण्डेलवाल**
>
> भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट का आयोजन पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है, जिसमें 100 से अधिक देशों, वैश्विक मल्टीनेशनल कंपनियों के सीईओ और 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी ने भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाया है. इस ऐतिहासिक आयोजन में भारत की नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की झलक मिली है. जहां एक ओर भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान मिल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जब दुनिया भर से सम्मान प्राप्त करता है, तब कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक हर बार देश का अपमान करने के लिए कोई न कोई नया कृत्य करते हैं.

## पुलिस का वाहन चालक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रीवा.** जिले के सेमरिया थाना अन्तर्गत आने वाले चचाई पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई के वाहन चालक को लोकायुक्त टीम ने उस समय 30 हजार रुपए लेते धरदबोचा जब वह एएसआई के कहने पर रिश्वत की राशि लेने पहुंचा था. शिकायत में समझौता कराने के एवज में एक लाख की रिश्वत एएसआई ने मांगी थी. आरोपी एएसआई एवं वाहन चालक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है. लोकायुक्त से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता शिव कुमार कोल निवासी चचाई द्वारा लोकायुक्त एसपी कार्यालय में शिकायत की थी कि झगड़े का मामला निपटाने के लिए पुलिस कर्मचारी रिश्वत की मांग कर रहे हैं.

# परिवार नागपुर गया, चोरों ने कर दिया लाखों का सामान पार

### परिवार में गमी के कार्यक्रम में नागपुर गया था परिवार

इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र की एस.एस. ग्रीन कॉलोनी, बोरखेड़ी में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. परिवार तीन दिन के लिए बाहर गया था, इसी दौरान घर का ताला तोड़कर सामान पार कर दिया.

पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय गायत्री नायक पति कमलसिंह नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने पति और पुत्र यशराज के साथ देवर के सड़क हादसे में निधन होने पर नागपुर (महाराष्ट्र) गई थीं. जब परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था. जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपी घर से टीसीएल कंपनी का 55 इंच टीवी, सोनी कंपनी का म्यूजिक सिस्टम (जेब्रोनिक्स), हेवल्स कंपनी का मिक्सर, एचपी गैस सिलेंडर, तांबे का पानी का मटका, पनडुब्बी मोटर, बिजली का सामान, नगद 36 हजार रुपये सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए.

# 1.81 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कार्य जारी

**भोपाल, 20 फरवरी. मध्यप्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिये अब तक एक लाख 81 हजार 793 किसानों ने पंजीयन करा लिया है. पंजीयन की प्रक्रिया 7 मार्च तक जारी रहेगी.**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें. उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है. कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं. केन्द्र सरकार की ओर से वर्ष 2026-27 के लिये गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये अधिक है. मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अभी तक इंदौर संभाग में 27 हजार 175, उज्जैन में 73 हजार 398, ग्वालियर में 3358, चम्बल में 1449, जबलपुर में 12 हजार 342, नर्मदापुरम में 11 हजार 698, भोपाल में 41 हजार 268, रीवा में 3242, शहडोल में 726 और सागर संभाग में 7137 किसानों ने पंजीयन कराया है.



> **पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था**
>
> पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है.

# पीड़ित रितिका एयर एम्बुलेंस से चंडीगढ़ पहुंची

## विधायक की पहल और प्रशासन की तत्परता से मिला समय पर उपचार

**मंडला . जिले के ग्राम घुटास निवासी 16 वर्षीय रितिका जो फेफड़ों की गंभीर बीमारी फाइब्रोसिस एवं फुफ्फुसीय धमनी उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, को बेहतर उपचार के लिए हवाई एम्बुलेंस से चंडीगढ़ भेजा गया. समय पर की गई पहल से एक गंभीर मरीज को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी.**




बिछिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा ने रितिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री से दूरभाष पर चर्चा कर हवाई एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का अनुरोध किया.विधायक की पहल के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों से समन्वय स्थापित किया गया.रितिका आयुष्मान भारत योजना की पात्र हितग्राही हैं, जिसके अंतर्गत हवाई एम्बुलेंस सहित संपूर्ण उपचार नि:शुल्क सुनिश्चित किया गया.

20 फरवरी को प्रात: जबलपुर हवाई अड्डे से उन्हें हवाई एम्बुलेंस के माध्यम से चंडीगढ़ रवाना किया गया,जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार प्रारंभ हो चुका है. उल्लेखनीय है कि रितिका के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है.

## खड़े ट्रक से टकराया कांच से भरा ट्रक, मौत

**जबलपुर.** पाटन थाना अंतर्गत ननुसर चौकी क्षेत्र में एक भीषण सडक़ हादसे में एक ट्रक चालक की जान चली गई. हादसा ग्राम सिमरिया के पास नेशनल हाईवे पर उस वक्त हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक सडक़ पर खड़े दूसरे ट्रक से पीछे से जा टकरा गया. ननुसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 9686 व्हाइट पाउडर लोड कर जा रहा था. वाहन में तकनीकी खराबी आने के कारण उसे पाटन बाईपास मार्ग पर एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पास ग्राम सिमरिया में खड़ा किया गया था. इसी दौरान अंधमूक बाईपास से पाटन बाईपास की ओर जा रहे एक अन्य ट्रक क्रमांक यूपी 91 टी 4633, जिसमें कांच लदा हुआ था.

## पेज एक का शेष

# सदन में लगातार दूसरे दिन भागीरथपुरा मामले में हंगामा

यहां काम करने में परेशानी आती है. हमने घटना के बाद दो ट्रक नारियल पानी भिजवाया, तीन रात सोया नहीं, हाथ जोड़कर निजी अस्पतालों में इलाज सुनिश्चित कराया. सीएम ने भी संदेश दे दिया था कि प्रभावितों का नि:शुल्क इलाज कराया जाएगा. फिर भी हम 22 लोगों की जान नहीं बचा सके. लापरवाही करने वालों को तत्काल हटाया गया. उन्होंने स्वीकार किया कि समय पर पैसा दिया, संसाधन दिया लेकिन समय पर काम नहीं हो सका. घटना के बाद इंदौर की सभी पानी टंकियों को साफ कराया गया, प्रदेश स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया. भागीरथपुरा में 13 किमी लंबी लाइन का काम पूरा करा दिया गया है, 16 किमी की लाइन और बिछा रहे हैं. उन्होंने कहा कि इंदौर गिरकर उठना जानता है. इस दाग से भी हम उबर जाएंगे. इंदौर पहले भी नंबर वन था, अब भी है और आगे भी रहेगा. उन्होंने कहा कि इस मामले में स्थगन को ग्राह्य करने की आवश्यकता नहीं है. इसी बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा ने पाइंट ऑफ आर्डर का मामला उठाते हुए कहा कि सवाल नियम का नहीं व्यवस्था का है. ये मामला सब ज्यूडियश है. पांच रिट पिटीशन दायर है. ऐसे मामले को सदन में उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो कि न्यायिक या अर्ध न्यायिक है. इस पर कांग्रेस के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने जानना चाहा कि सीतासरश शर्मा किस नियम के तहत पाइंट ऑफ आर्डर का मामला उठा रहे हैं.

चर्चा में हिस्सा लेते नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पूरा सत्ता पक्ष इस बात में लगा है कि सदन में चर्चा नहीं हो, लेकिन उन प्रभावित परिवारों से जाकर पूछो कि क्या वे चर्चा चाहते हैं या नहीं. मंत्री ने सिस्टम की गलती स्वीकारी है, तो क्या ये गलती केवल अफसरों की है, इसके लिए कोई मंत्री, नेता जिम्मेदार नहीं है. इंदौर में लगातार घोटाले हो रहे हैं, यहां एक रात में 5 किमी सीवेज लाइन बिछा दी जाती है. बिना काम के 27 करोड़ का भुगतान कर दिया जाता है. उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा की घटना एक हादसा नहीं, भरोसे की हत्या है. ऐसे में कोई कैसे मंत्री पद पर सुशोभित रह सकता है. यदि जवाबदारी ले रहे हो तो फिर इस्तीफा दो. ये केवल भागीरथपुरा की समस्या नहीं पूरे प्रदेश की है. सिंघार ने कहा कि सरकार मौतों का आंकड़ा छिपा रही है. वहीं चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संवेदनहीनता तो समझ आती है .

## रेलवे : भोपाल और एडब्लूपीओ के बीच एमओयू

**भोपाल.** मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के नेतृत्व में भोपाल मंडल ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्टेशनों पर पॉइंट्समैन के पदों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती के लिए आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के साथ गुरूवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इस पहल के साथ भोपाल मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे का पहला मंडल बन गया है जिसने इस प्रकार का एमओयू किया है. समझौते पर भोपाल मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह ने हस्ताक्षर किए, जबकि एडब्लूपीओ की ओर से कर्नल (सेवानिवृत्त) मुकेश कुमार तिवारी ने हस्ताक्षर किए.

## इटारसी, वलसाड़-दानापुर-वलसाड़ के मध्य स्पेशल ट्रेन

भोपाल. रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है. इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी. इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार है-

**वलसाड-दानापुर-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (06-06 ट्रिप)** गाड़ी संख्या 09025 वलसाड से दानापुर स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को वलसाड स्टेशन से सुबह 8.40 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 8 बजे, जबलपुर 11.40 बजे, पहुँचकर अगले दिन कटनी 01. 05 बजे, सतना 2.20 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए दोपहर 12ः00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी.

**प्रदर्शन** | किसानों के हक की लड़ाई के लिए देशव्यापी आंदोलन होगा

# 24 को किसानों के लिए भोपाल आएंगे कांग्रेस नेता

**भोपाल, 20 फरवरी. दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें तय किया गया कि किसानों के आंदोलन की शुरुआत भोपाल में 24 फरवरी को होगी. इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे.**



इस बैठक में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षों, प्रभारी एवं नेता प्रतिपक्षों के साथ भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर गंभीर और विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा की गई यह ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे देश के अन्नदाता को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के हितों की अनदेखी करते हुए अमेरिका से यह समझौता किया है. इस डील के कारण सोयाबीन, मक्का, गेहूं और कपास जैसी प्रमुख फसलों के दामों में गिरावट आई है, जिससे विशेष रूप से मध्यप्रदेश के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है.

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस अन्यायपूर्ण ट्रेड डील के विरोध में पूरे देश में 'किसान सम्मेलन' आयोजित करेगी और इस मुद्दे को गांव-गांव तक ले जाकर किसानों को जागरूक करेगी. कांग्रेस पार्टी किसानों के हक और सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी.

> जीतू पटवारी ने प्रदेश के किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे बड़ी संख्या में इस ऐतिहासिक किसान सम्मेलन में शामिल होकर किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता प्रदर्शित करें. उन्होंने जानकारी दी कि इस देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत भोपाल से 24 फरवरी को होगी, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की आवाज़ को बुलंद करेंगे और इस संघर्ष को नई दिशा देंगे.

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

**संकेत एवं दूर संचार विभाग**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या : SnT-RTM-W-26-Tele-03, दिनांक : 18.02.2026**

निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिये E–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग नागदा–भोपाल सेक्शनः– डी–स्पेशल रूट पर स्थित 3 स्टेशनों (मक्सी, पीर उमरोद, बेरछा) पर पुराने हो चुके इनडोर और आउटडोर सिगनलिंग उपकरणों के बदलाव हेतु। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 19,80,006.73/- (रूपये उन्नीस लाख अस्सी हजार छह रूपये और तिहत्तर पैसे), **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **बयाना राशिः** ₹ 39,600.00, **कार्य पूरा करने की अवधि :** आठ (08) महीने, **E–निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 16.03.2026 समय 15:00 बजे तक, **E–निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 16.03.2026 समय 15:30 बजे के बाद, **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टेंडर **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे।

ADM/6/1/466

Follow us on: twitter.com/WesternRly